# करीला धाम का किया जाएगा विकास

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव करीलाधाम रंगपंचमी मेला महोत्सव में हुए शामिल

**भोपाल, 8 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अशोकनगर जिले का करीला धाम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अदभुत संगम है. इस पवित्र स्थली के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई जायेगी. डॉ. यादव रविवार को अशोकनगर जिले के करीलाधाम में रंगपंचमी मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीलाधाम में माता जानकी के दर्शन भी किये और जिले को 115 करोड़ रुपये लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात भी दी. इसमें 57 करोड़ 3 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 करोड़ 32 लाख की लागत के 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है. साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रदेश सरकार प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि प्रदान कर रही है.



### महिलाओं को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की सात महिलाओं को सम्मानित किया. इनमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमिता सेठी, धार्मिक क्षेत्र में नैना शर्मा, खेल के क्षेत्र में पूनम रघुवंशी, पर्यावरण के क्षेत्र में विनीता साहू, स्वंयसिद्धा के क्षेत्र में गायत्री शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में छाया बैस तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कुलविंदर कौर को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## महिलाओं को मिला सुरुचि नारी शक्ति सम्मान

**भोपाल,** महिला दिवस के अवसर पर सुरुचि नारी शक्ति सम्मान समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पूर्व महापौर विभा पटेल ने सम्मानित किया. पॉड कॉस्टर अनुष्का तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता पूनम श्रोती, जनजातीय कलाकार भूरी बाई, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा, पर्वतारोही मेघा परमार, महिला उद्यमी आशा दावानी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, डाइटीशियन वर्षा श्रीवास्तव, कंटेट क्रिएटर सुमिता सिरोठिया, शिक्षाविद ऊषा खरे, चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रेणु शर्मा, बिजनेस वीमेन प्रमिला झंवर और बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की अध्यक्ष रखशां शमीम जाहिद को सम्मान मिला. सम्मानित होने वालों में राज्य होम्योपैथी कौंसिल की रजिस्ट्रार डॉ आयशा अली भी शामिल हैं.

# टीम इंडिया की जीत पर मनाया जश्न

## राजधानी में जमकर हुई आतिशबाजी, भारत माता के लगे जयकारे

**भोपाल, 8 मार्च. भारतीय टीम की शानदार जीत पर शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला. इसी कड़ी में महाकाल भक्त मंडल द्वारा भारत की जीत की खुशी में जश्न मनाया गया. उधर, विधायक भगवान दास सबनानी ने शहरवासियों के साथ भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड का विजेता बनने पर जश्न मनाया.**

महाकाल भक्त मंडल के विवेक साहू ने बताया की ढोल-नगाड़ों की धुन, रंग-गुलाल और आतिशबाजी के बीच ऐसा माहौल बना मानो होली और दीपावली एक साथ मनाई जा रही हो. इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा 'भारत माता और 'वंदे मातरम्' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा.




### हमारे खिलाड़ी विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट मुकाबला जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम और समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैच देखने के बाद मैच के विजयी क्षण की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भारत इस विजय का हकदार था. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ थे और सर्वश्रेष्ठ हैं.

# असद ने शिक्षा के क्षेत्र में दिखाई अद्भुत प्रतिभा

**भोपाल, 8 मार्च. भोपाल की कक्षा 7 की 12 वर्षीय छात्रा ज़ाफ़िरा असद अपनी उम्र से कहीं अधिक प्रेरणादायक समर्पण और समाज सेवा का उदाहरण पेश कर रही हैं. ज़ाफ़िरा ने कक्षा 1 से ही अपने ज्ञान और प्रतिभा के माध्यम से दूसरों को सशक्त बनाने की यात्रा शुरू कर दी थी.**

वह कक्षा 10 और 11 के वंचित विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित पढ़ाती हैं. वह रसायन विज्ञान और भौतिकी जैसे जटिल विषयों को प्रयोगात्मक और रोचक तरीकों से समझाती हैं, जिससे छात्रों को विषयों को सरलता से समझने में मदद मिलती है. इसके साथ ही, ज़ाफ़िरा एक आत्मविश्वासी और प्रभावशाली वक्ता भी हैं और बच्चों को प्रेरित करती हैं, विशेषकर उन बच्चों को जो उनकी मौसी के हर्षिनी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन से जुड़े हैं.



शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, ज़ाफ़िरा शतरंज खिलाड़ी भी हैं और कई पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं. उनका साहित्य के प्रति प्रेम उन्हें विभिन्न प्रकार की पेरेंटिंग पर पुस्तक लिखने के लिए प्रेरित करता है, जो उनके विचारशील और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है.

# मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक राजकुमार सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि



**भोपाल, 8 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोकनगर जिले के ईसागढ़ के ग्राम महुअन पहुंचकर चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा परिजन से मुलाकात कर ढांढस बंधाया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. राव राजकुमार सिंह यादव समर्पित जनप्रतिनिधि और समाजसेवी थे. अपने जीवनकाल में उन्होंने कई समाज सेवा के कार्य किए. जनकल्याण के लिए सक्रियता पूर्वक कार्य किया.

# सीए रिजल्ट घोषित, भोपाल का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल, 8 मार्च. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन और सीए इंटरमीडिएट परीक्षा जनवरी 2026 के परिणाम घोषित हो गए हैं. भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया है.**

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भोपाल सेंटर से मुस्कान डांगी ने 447 अंक (74.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीए फाउंडेशन परीक्षा में स्वास्तिक गुप्ता 330 अंक (82.50 प्रतिशत) के साथ भोपाल टॉपर रहे. भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की है. जिसमें कहा गया है कि भोपाल का रिजल्ट देश से बेहतर रहा.



### भोपाल सेंटर पर 19.57 प्रतिशत छात्र सफल

सीए फाउंडेशन परीक्षा में भोपाल सेंटर पर कुल 976 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमें से 191 विद्यार्थी सफल हुए, जिससे कुल परिणाम 19.57 प्रतिशत रहा. देशभर में इस परीक्षा में 1,09,694 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 21,099 छात्र पास हुए. इस प्रकार ऑल इंडिया स्तर पर कुल परिणाम 19.23 प्रतिशत दर्ज किया गया. पुरुष अभ्यर्थियों का पास प्रतिशत 20.13 रहा, जबकि महिला अभ्यर्थियों का परिणाम 18.26 प्रतिशत रहा.

# सिविल अस्पताल में लगाए एचपीवी टीके

**सिलवानी, 8 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सिविल अस्पताल सिलवानी में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई. इस दौरान 20 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने उपस्थित पालकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं. उन्होंने कहा कि यह टीका बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.



# रंगपंचमी के जुलूस में खूब उड़ा रंग-गुलाल



**बैरसिया, 8 मार्च. रविवार को हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में रंग पंचमी का जुलूस चौपड़ बाजार के सावलिया मंदिर से निकाला गया, जो कलारी चौराहा स्थित तलैया मंदिर पर समाप्त हुआ. जुलूस में रंग गुलाल की खूब बौछार की गई.**

जुलूस में पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, पूर्व विधायक ब्रह्मानंद रत्नाकर, समाजसेवी दीपक दुबे, पूर्व नपा अध्यक्ष राजमल कुशवाह, लालाराम साहू, श्याम चौकसे, ग्रिजेंद्र सोनी, पूर्व हिउस अध्यक्ष सुनील धाकड़, पार्षद टिक्कू जैन, धीरज मालवीय, शुभम रत्नाकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और युवा तथा एसडीएम आशुतोष शर्मा, एसडीओपी वैशाली कराहरिया, थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे. जुलूस में ढोल, डीजे एवं परी म्यूजिक ग्रुप भोपाल के कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई. फायर ब्रिगेड से रंग की बौछार की गई, जिससे पूरा मार्ग रंगों से सराबोर नजर आया.


## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र / राजस्व शाखा / 2025-26 /312 बुरहानपुर दिनांक : 07/03/2026

निविदा सूचना 2026-27

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in पर टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | टेण्डर आई.डी. नं. | दुकान का विवरण | दुकान का आरक्षित मूल्य | अर्नेस्ट मनी (ई.एम.डी) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _487869_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 01 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनु. जाति |
| 2 | 2026_UAD _487870_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 02 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 3 | 2026_UAD _487871_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 03 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 4 | 2026_UAD _487872_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 04 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 5 | 2026_UAD _487873_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 05 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अन्य पि वर्ग |
| 6 | 2026_UAD _487874_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 06 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 7 | 2026_UAD _487875_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 07 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 8 | 2026_UAD _487880_1 | कुन्दन स्वीट्स के बाजू में दुकान क्रं.04 | 60,00,000/- | 50,000/- | 5000/- | अनारक्षित |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, दुकान का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर


# गिट्टी, रेत को सड़कों पर बिखेरते चल रहे हैं डंपर

**सिलवानी, 8 मार्च. तहसील में चल रहे गिट्टी क्रेशर से रोजाना दर्जनों की संख्या में गिट्टी से भरे ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलते हैं. ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियों में भरी गिट्टी इन वाहन से गिरकर सड़क पर फैलती रहती है.**

इससे इन सड़कों से निकलने वाले अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है. इसके बाद भी पुलिस और खनिज विभाग द्वारा इस तरह के ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जाती है.

इससे सड़कों पर गुजरने वाले वाहनों के साथ हादसे की आशंका रहती है. सड़कों पर फैलने वाली गिटिटयों से न केवल वाहन पंचर हो रहे है तो वहीं आमजन भी घायल हो रहे हैं. पूर्व में इस प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी हैं. बावजूद इसके जहां डंपर चालक लापरवाही बरत रहे हैं तो वहीं इन पर कार्रवाई करने वाले अफसर भी अनदेखी कर रहे हैं. तहसील में चल रहे गिट्टी क्रेशर से गिट्टी भरकर ला रहे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों द्वारा गिट्टी लादने के बाद इनके ऊपर तिरपाल आदि नहीं बांधी जाती है. इससे जब यह वाहन सड़क पर हुए गड्ढ़ों आदि में से निकलते हैं. तब वाहन के पीछे लदी गिट्टी गड्ढे कारण सड़क के पीछे गिरती रहती है.



# कुछ ही घंटों में सड़कें साफ

**भोपाल, 8 मार्च. राजधानी भोपाल में रंगपंचमी के जुलूस और उत्सव के बीच नगर निगम ने स्वच्छता अभियान चलाकर सड़कों को कुछ ही घंटों में साफ कर दिया.**

स्वच्छता रैंकिंग में शहर की साख बनाए रखने के लिए नगर निगम ने रंगपंचमी के दौरान विशेष सफाई व्यवस्था की थी. जुलूस खत्म होते ही सफाई मित्रों की टीमों ने तुरंत सड़कों पर फैले रंग, गुलाल और कचरे को साफ करना शुरू कर दिया.नगर निगम ने रिहायशी कॉलोनियों से लेकर मुख्य मार्गों तक विशेष सफाई अभियान चलाया. पुराने शहर के लोहा बाजार, जुमेराती, सिंधी मार्केट और भवानी चौक जैसे सघन इलाकों में जुलूस समाप्त होने के तुरंत बाद 100 से अधिक सफाई मित्रों ने सफाई का मोर्चा संभाल लिया.


## नंबर A-12011/3/2025-Estt
## नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन

मानव अधिकार भवन,
ब्लॉक-C, GPO कॉम्प्लेक्स, INA, नई दिल्ली-110023
तारीख : 5 मार्च, 2026

### डेपुटेशन वैकेंसी नोटिस नंबर 03/2026

नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन में डेपुटेशन के आधार पर नीचे दी गई मौजूदा/आशा की जाने वाली वैकेंसी को भरने के लिए एप्लीकेशन मंगाए जाते हैं :-

| क्र. | पदों का नाम | पे स्केल | रिक्तियों की संख्या | क्र. | पदों का नाम | पे स्केल | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जॉइंट डायरेक्टर (रिसर्च) | लेवल-12 | 01 | 9. | सीनियर रिसर्च असिस्टेंट | लेवल-7 | 01 |
| 2. | असिस्टेंट रजिस्ट्रार | लेवल-11 | 05 | 10. | प्रोग्रामर असिस्टेंट | लेवल-6 | 01 |
| 3. | अंडर सेक्रेटरी | लेवल-11 | 02 | 11. | अकाउंटेंट | लेवल-6 | 01 |
| 4. | सीनियर रिसर्च ऑफिसर | लेवल-11 | 02 | 12. | स्टॉफ कार ड्राइवर (ग्रेड-I) | लेवल-5 | 01 |
| 5. | प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी | लेवल-11 | 01 | 13. | स्टॉफ कार ड्राइवर (ग्रेड-II) | लेवल-4 | 01 |
| 6. | रिसर्च ऑफिसर | लेवल-10 | 01 | 14. | स्टॉफ कार ड्राइवर (ऑर्ड. ग्रेड) | लेवल-2 | 03 |
| 7. | असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर | लेवल-7 | 08 | 15. | डिस्पैच राइडर | लेवल-2 | 01 |
| 8. | पर्सनल असिस्टेंट | लेवल-7 | 01 | डेपुटेशन वैकेंसी नोटिस नंबर 04/2026 | | | |
| | | | | 1. | डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस | लेवल-10 | 03 |
| | | | | 2. | इंस्पेक्टर | लेवल-7 | 06 |

नोट :-
1. पोस्ट की संख्या अलग-अलग हो सकती है.
2. कमीशन के पास बिना किसी पहले से सूचना दिए या कोई कारण बताए किसी भी समय वैकेंसी नोटिस को कैंसिल/वापस लेने का अधिकार है.
3. अगर कोई कैंडिडेट एक से ज़्यादा पोस्ट के लिए अप्लाई करने के लिए योग्य और इच्छुक है, तो अलग-अलग एप्लीकेशन जमा किए जा सकते हैं.
4. ऊपर दिए गए पोस्ट के लिए डिटेल्ड एलिजिबिलिटी की शर्तें और एप्लीकेशन का प्रोफॉर्मा कमीशन की वेबसाइट [www.nhrc.nic.in] पर मौजूद है।.
5. एप्लीकेशन मिलने की आखिरी तारीख एम्प्लॉयमेंट न्यूज़पेपर में नोटिस छपने की तारीख से 45 दिन है.
6. अधूरे एप्लीकेशन या सीधे या तय तारीख के बाद मिले एप्लीकेशन पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत रिजेक्ट कर दिया जाएगा.

सीबीसी-53101/11/0013/2526


**समाज** बैरसिया में हुआ समाज का आयोजन

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**बैरसिया, 8 मार्च. गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन एवं परिचय सम्मेलन व्हाइट हाउस गार्डन में संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम समाज संगठन की एक नई और सशक्त शुरुआत बताईजा रही है.**

इस अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के गौरवशाली इतिहास पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया. पुस्तिका का विमोचन विदिशा जिले के गुर्जर गौड़ समाज संरक्षक जवाहरलाल उपाध्याय सहित तहसील क्षेत्र से आए समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया. ये पुस्तिका अविनाश उपाध्याय द्वारा संकलित की गई है, इस पुस्तक में समाज के इतिहास, परंपरा और गौरव को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास है. कार्यक्रम की अध्यक्ष नम्रता शर्मा ने स्वजातीय बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने आदर्श महर्षि गौतम जी एवं भगवान परशुराम जी के मार्ग पर चलते हुए समाज की एकता, संस्कृति और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं. कार्यक्रम में ओमप्रकाश दुबे, जगदीश शर्मा बागसी, गुरुनारायण दुबे, श्याम मनोहर दुबे, गोपाल कृष्ण शास्त्री आदि मौजूद थे.

